# शीर्ष पांच कंपनियां देंगी तीन हजार लोगों को रोजगार

## जीबीसी में 60 हजार करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का हुआ है शिलान्यास

**फूड प्रोसेसिंग सेक्टर**

राब्यू, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इस क्षेत्र में निवेश करने वाली शीर्ष पांच कंपनियां ही तीन हजार लोगों के रोजगार सृजन का जरिए बनेंगी। इनमें कोका-कोला, भारतीय बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी वेफर्स, धामपुर बायो आर्गेनिक्स और ग्रुपो बिंबो शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश में कई अन्य समूह भी खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं।

इनमें धर्मपाल सत्यपाल लि., बीकानेरवाला फूड्स, हैप्पीलो इंटरनेशनल, हल्दीराम स्नैक्स मैन्युफैक्चरिंग, सस्टीन लि., फेयर एक्सपट्र्स (इंडिया), फार्च्यून राइस, वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज, एसपीआरएल फूड्स, वीआरएस फूड्स (पारस डेयरी), अमृत बोटियर्स, एबीआईएएस एक्सपोर्ट्स, जैक वेंचर, शिवश्रित फूड्स, वीकेसी नट्स, बलरामपुर चीनी मिल्स, त्रिवेणी इंजीनियरिंग, डीसीएम श्रीराम, वेव शुगर मिल, टिकौला शुगर मिल्स, एनजेडी साफ्टेक, कामधेनु कैटल फीड्स, अदाणी एग्री लाजिस्टिक शामिल हैं।

### खाद्य प्रसंस्करण में निवेश करने वाली शीर्ष कंपनियां

| कंपनी | स्थान | प्रस्तावित निवेश | रोजगार सृजन |
|---|---|---|---|
| कोका-कोला | बिजनौर | 509 करोड़ | 275 |
| भारतीय बेवरेजेज प्रा. लि. | मुजफ्फरनगर | 600 करोड़ | 500 |
| बालाजी वेफर्स | संडीला | 500 करोड़ | 1500 |
| धामपुर बायो आर्गेनिक्स | बरेली | 350 करोड़ | 100 |
| ग्रुपो बिंबो | बागपत | 200 करोड़ | 600 |